# सक्सेस मिरर

सफलता का कैंप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in

वर्ष : 12 अंक : 133 मई : 2021


## इस अंक में...


7 सम्पादकीय
9 समसामयिकी घटना संग्रह
10 समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 आर्थिक घटना संग्रह
- सरकार ने किया बीमा लोकपाल नियमावली 2017 में संशोधन
- विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश
- 'कैच दी रैन' अभियान शुरू किया गया
- जीवनयापन सुगमता सूचकांक 2020 में बेंगलूरू पहले स्थान पर
- सरकार ने वाहन कबाड़ नीति, 2021 की रूपरेखा प्रस्तुत की

23 राष्ट्रीय घटना संग्रह
- आजादी के 75 वर्षों को मनाने के लिए 2021 दांडी मार्च
- सोशल मीडिया पर केन्द्र सरकार की नई गाइडलाइंस जारी
- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि प्रस्ताव को मंजूरी
- जम्मू-कश्मीर में प्रोजेक्ट आवाम की बात का शुभारम्भ
- भारत-बांग्लादेश के बीच मैत्री सेतु का उद्घाटन
- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (अमेंडमेंट) बिल-2020 पारित

27 अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह
- क्वाड नेताओं के पहले शिखर सम्मेलन का आयोजन
- भारतीय सेना दुनिया में चौथी सबसे ताकतवर सेना
- भारत-स्वीडन वर्चुअल समिट 2021 का आयोजन
- जॉनसन एंड जॉनसन के कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल को मंजूरी
- महिलाओं को बढ़ावा देने को गूगल का वीमेन विल वेब प्लेटफॉर्म

30 खेल खिलाड़ी
- खेलो इंडिया शीतकालीन राष्ट्रीय खेल में शीर्ष स्थान पर रहा जम्मू-कश्मीर
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन
- विराट कोहली पुरुष टी-20 में 3,000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

33 महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह
36 समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### लेख
39 **चिकित्सीय लेख**–डिजिटल स्वास्थ्य सेवा की ओर बढ़ते कदम
40 **महामारी लेख**–एवियन इन्फ्लूएंजा का प्रकोप
41 **सामाजिक लेख**–बालश्रम की समस्या एवं समाधान
43 **पर्यावरण लेख**–वायु प्रदूषण के कारण आर्थिक क्षति विश्लेषण, 2021
77 **वर्षांत समीक्षा-2020**–अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
79 **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**
80 **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-130 का परिणाम**
81 **रोजगार अवसर**

### हल प्रश्न-पत्र
44 एस.एस.सी. मल्टी टास्किंग (नॉन-टेक्निकल) स्टाफ परीक्षा, 2019 (चरण-I)
51 एस.एस.सी. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) लेवल परीक्षा, 2019 (चरण-I)
59 आर.पी.एफ./आर.पी.एस.एफ. काँस्टेबिल भर्ती परीक्षा, 2018

### मॉडल हल
66 आगामी बिहार अग्निशमन सेवा अग्निक (सिपाही कोटि) सीधी भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न
71 आगामी मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक (जनरल ड्यूटी) की भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न



संस्थापक सम्पादक : स्व. श्री महेन्द्र जैन | सम्पादक : राहुल जैन | रजिस्टर्ड ऑफिस : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

ई-मेल : सम्पादकीय : publisher@pdgroup.in कस्टमर केयर : care@pdgroup.in

- सम्पादकीय ऑफिस : 1, स्टेट बैंक कॉलोनी, खन्दारी, आगरा-मथुरा बाईपास, **आगरा**–282 005 — **फोन**–2531101, 2530966
- दिल्ली ऑफिस : 4845, अंसारी रोड, दरियागंज, **नई दिल्ली**–110 002 — **फोन**–011-23251844, 43259035
- पटना ऑफिस : पारस भवन (प्रथम तल), खजांची रोड, **पटना**–800 004 — **मो**–09334137572
- हैदराबाद ऑफिस : 16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा, आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड, (आन्ध्रा बैंक के बगल में), **हैदराबाद**–500 036 (तेलंगाना) — **मो**–09391487283
- हल्द्वानी ऑफिस : 8-310/1, ए. के. हाउस, हीरानगर, **हल्द्वानी**, जिला–नैनीताल–263 139 (उत्तराखण्ड) — **मो**–07060421008



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.

## सम्पादकीय



# उद्यम, सहयोग और उपयोग की त्रिवेणी में स्नान कीजिए

> *जब दूसरे लोग सो रहे हों, तो उस समय अध्ययन करें; उस समय काम करें जब दूसरे लोग अपना समय नष्ट करते हैं; उस समय तैयारी करें जब दूसरे लोग खेल रहे हों; और उस समय सपने देखें जब दूसरे केवल कामना ही कर रहे हों.*
>
> **–विलियम ऑर्थर वार्ड**

*समस्त विकृतियों, कुंठाओं, शोक संताप, द्वन्द्व, संघर्ष, अभावों, अपराधों, रोग-क्षोभों आदि का एकमात्र कारण हमारी चिंतन पद्धति का कलुषित हो जाना है. हम भूल जाते हैं कि नव-निर्माण अभियान का शुभारम्भ अपने आप से आरम्भ किया जाता है, ऐसा करते हुए यह भी याद रखना होता है कि नव-निर्माण एवं आत्मोन्नति का अधिकार अन्य व्यक्तियों को भी उतना ही है, जितना हमको है. हम लोगों में कितने ऐसे व्यक्ति हैं, जो वाल्टेयर की भाँति कह सकते हैं कि "तुम जो कुछ कह रहे हो, मैं उसको स्वीकार नहीं करता हूँ, परन्तु इस प्रकार कहने के तुम्हारे अधिकार के लिए मैं अन्तिम श्वास तक संघर्ष करता रहूँगा ?"*

*असफल होने पर अथवा अपेक्षित सफलता प्राप्त न हो सकने पर हम प्रायः भाग्य अथवा होनहार को दोष देने लग जाते हैं. ऐसा करना प्रकृति के कारण-कार्य के नियम को अस्वीकार करना है, क्योंकि हम जो बोते हैं, वही काटते हैं.*

*हम सब जानते हैं कि कार्य मनोरथ से नहीं, उद्यम से सिद्ध होते हैं, उद्यमहीन अथवा श्रमहीन समाज घुन लगे हुए अनाज के समान होता है. उदाहरणार्थ आपके पास अपनी परीक्षा एवं पाठ्यक्रम से सम्बन्धित समस्त पुस्तकें हैं, परन्तु आप यदि उनको पढ़ेंगे नहीं तो परीक्षा में सफलता किस प्रकार सम्भव होगी ? साधन सम्पन्नता का महत्व अपनी जगह सुरक्षित है, परन्तु साधनों का सम्यक् उपयोग करना तथा उनके द्वारा लाभान्वित होना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है. प्रतियोगिताओं तथा अन्यान्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले युवक-युवतियों को स्वामी रामतीर्थ का यह कथन सदैव याद रखना चाहिए, उद्यमी मनुष्य की सहायता करने के लिए प्रकृति बाध्य है."*

*खेत से फसल प्राप्त करने की प्रक्रिया में बीज की श्रेष्ठता के अतिरिक्त भूमि की गुणवत्ता का भी महत्व होता है. एक ही प्रजाति के बीजों द्वारा विभिन्न भूमियों से विभिन्न प्रकार की, विभिन्न मात्राओं में फसलें प्राप्त होती हैं. कारण है भूमि की गुणवत्ता, उसमें प्रयुक्त खाद, रखवाली के सन्दर्भ में किया जाने वाला श्रम, आदि. इसी को लक्ष्य करके कहा जाता है कि भूमि के भाग्य के अनुसार फसल की उत्पत्ति होती है. हम पुस्तकों का उपयोग जितनी निष्ठा, जितनी लग्न, जितनी समझदारी से करते हैं, उसी के अनुसार परीक्षा में हमको अंक प्राप्त होते हैं. तथ्य स्वयं प्रमाण हैं. समस्त विद्यार्थी कक्षा में एक ही अध्यापक द्वारा समान पाठ्यक्रम पढ़ते हैं, परन्तु उनको प्राप्त होने वाले अंक भिन्न होते हैं, क्योंकि उनकी निष्ठा एवं बुद्धिमता समान नहीं होती है. इसी को हम भूमि भागफल कहते हैं.*